Post-Event Report

Event	शख़्सियत से मुलाक़ात
Topic	सरकारी संचार के नए प्रतिमान
Organizer	हिंदी और हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की हिंदी साहित्य सभा 'मंथन'
Date	24 जनवरी, 2023
Time	01:00 बजे दोपहर से
Duration	02:30 घंटे
Place/Platform	कॉलेज परिसर
Number of Participants	70
Guest Speaker/Trainer	आनंद सौरभ
Welcome Speech	डॉ. अमरजीत कौर
Introduction to the Speaker	डॉ. रेणु दुग्गल

Activities

नई दिल्ली, 24 जनवरी, 2023, श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, हिंदी और हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की हिंदी साहित्य सभा 'मंथन' द्वारा 'शख़्सियत से मुलाक़ात' शृंखला को प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आनंद सौरभ 'प्रसारण अधिकारी',रक्षा

मंत्रालय, भारत सरकार थे। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम संयोजक 'डॉ. रेणु दुग्गल' ने अपने स्वागत वक्तव्य के साथ किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य प्रो. गुरमोहिंदर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संचार के नए प्रतिमान के साथ सरकारी संस्थाओं में इसकी जरुरत को लेकर बात की।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी एवं शिक्षकों द्वारा आनंद सौरभ से पूछे गए प्रश्नों का जबाब उन्होंने बड़ी बारीकी से दिया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के सभी विभागों के प्राध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहें। अंत में विभाग प्रभारी डॉ. रेणु दुग्गल ने औपचारिक रूप से सबका धन्यवाद किया।

Main Ideas

कार्यक्रम के शुरुआत में मुख्य अतिथि श्री आनंद सौरभ (प्रसारण अधिकारी, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) ने कहा संचार जीवन है। संचार अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र है। सरकार की नीतियां सभी नागरिकों को प्रभावित करती हैं। सरकार एक अपरिहार्य अंग है। सरकार एक ताकतवर संस्था है। सरकार की सूचना जनता तक पहुंचे तो संचार का गुणात्मक विकास होगा और सूचना नहीं पहुंचती तो विकास विफल है।

सरकारी संचार के अंतर्गत सरकार के सरकारी विज्ञापनों, सूचनाओं को लोगों

तक प्रसारित किया जाता है, जिससे लोग तक सूचना सही अर्थ में पहुंचे। जनता को शिक्षित करने के लिए "नेशनल बुक ट्रस्ट" द्वारा बुक छापी जाती है । यह एक नए प्रतिमान के रूप में लोगों को शिक्षित करने के लिए बुक उपलब्ध कराई जा रही है ।

विश्व में 2011 के आसपास वेब 2.0 आता है, जिसे न्यू मीडिया कहते हैं जिसने सरकारी प्रतिमान को बदल कर रख दिया । उन्होंने आगे कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को देखिए उनके ट्विटर पर फॉलोअर्स मिलियन में है। देश के लोग ही नहीं विदेश के लोग भी फॉलो करते हैं । आम नागरिक को किसी भी प्रकार की समस्या होती है, तो वह डिजिटल मीडिया के प्रयोग करते हुए अपनी शिकायत को दर्ज करता है और उसकी त्वरित कार्रवाई होती। जो व्यक्ति साक्षर नहीं है, पिछड़े और वंचित हैं, वह भी आज इंटरनेट मीडिया का इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकारी संचार के नए प्रतिमान के रूप में आज वेब के द्वारा कई सारे अभियान सरकार अलग-अलग नाम से चलाती है।

अंत में महेंद्र प्रताप सिंह जी ने आयोजन का समापन करते हुए सभी का धन्यवाद किया।

Vote of thanks	डॉ. रेणु दुग्गल, डॉ. अमरजीत कौर
Attendance and Feedback link	
Poster (Attach below)	

Pictures (Attach Five Photos)

Signature:

Name: डॉ. रेणु दुग्गल

(Convenor)